मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—
दिनांकः22.09.2024
थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा 03 शातिर अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद —

थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर पर दिनांकः20.09.2024 को वादी ओमप्रकाश पुत्र हिंचलाल निवासी बोलीपुर थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात चोर के विरुद्ध घर पर कार्यक्रम के दौरान बाहर खड़ी अपाचे मोटरसाइकिल वाहन संख्याःUP63AN6528 के चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-184/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा उक्त वाहन चोरी की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में शातिर वाहन चोरो की गिरफ्तारी तथा मोटरसाइकिल की बरामदगी कराये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः22.09.2024 को उप-निरीक्षक आनन्द शंकर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत विजयपुर के पास से उपरोक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित अपाचे मोटरसाइकिल एवं अन्य 02 चोरी की मोटरसाइकिलो को बरामद करते हुए 03 शातिर वाहन चोरो 1.जितेन्द्र कोल पुत्र स्व0बसन्तलाल कोल निवासी सुभाष बिसरी थाना कोरांव जनपद प्रयागराज, 2.आशीष कुमार बिन्द पुत्र रामप्रसाद बिन्द निवासी बइरहवां पिपरांव थाना माण्डा जनपद प्रयागराज, 3.गुड्डू उर्फ सोनू पुत्र दशरथ बिन्द निवासी दादरकलां थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

विवरण पूछताछ —

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए बताया गया कि वे दिनांकः19/20.09.2024 को ग्राम बोलीपुर से अपाचे मोटरसाइकिल की चोरी किये थे जबकि मौके से बरामद अन्य दो मोटरसाइकिल पैशन प्रो व हीरो स्प्लेण्डर प्लस को कुछ दिन पहले जनपद प्रयागराज से चोरी किये थे। चोरी की उपरोक्त तीनों मोटरसाइकिलों को बेचने हेतु ले जा रहे थे कि पकड़े गये।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.जितेन्द्र कोल पुत्र स्व0बसन्तलाल कोल निवासी सुभाष बिसरी थाना कोरांव जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-28 वर्ष।
2.आशीष कुमार बिन्द पुत्र रामप्रसाद बिन्द निवासी बइरहवां पिपरांव थाना माण्डा जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-26 वर्ष।
3.गुड्डू उर्फ सोनू पुत्र दशरथ बिन्द निवासी दादरकलां थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-24 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

चोरी की 03 अदद मोटरसाइकिल।

क्रमांक	वाहन का नाम	अंकित वाहन संख्या	चेचिस नम्बर
1	अपाचे	बिना नम्बर प्लेट	MD634AE83L2F00597
2	हीरो स्प्लेण्डर प्लस	UP70EN6990	MBLHAR087HF52739
3	पैशन प्रो	बिना नम्बर	MBLHAR18211401229

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-184/2024 धारा 303(2),317(2),317(4),317(5) बीएनएस थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास—
(अभियुक्त जितेन्द्र कोल उपरोक्त)
1.मु0अ0सं0-88/2018 धारा 411,414,419,420,424 भादवि थाना हलिया जनपद मीरजापुर।
2.मु0अ0सं0-75/2019 धारा 379,411 भादवि थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर।
3.मु0अ0सं0-81/2020 धारा 379,411 भादवि थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
4.मु0अ0सं0-131/2020 धारा 379,41,411,413,419,420 भादवि थाना हलिया जनपद मीरजापुर।
5.मु0अ0सं0-132/2020 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना हलिया जनपद मीरजापुर।

6.मु0अ0सं0-183/2020 धारा 379,411 भादवि थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।
7.मु0अ0सं0-198/2020 धारा 3(1)उ0प्र0गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण)अधिनियम थाना हलिया जनपद मीरजापुर।
8.मु0अ0सं0-27/2024 धारा 411,414 भादवि व 3/5/25 आयुध अधिनियम थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।
(अभियुक्त आशीष कुमार बिन्द उपरोक्त)
1.मु0अ0सं0-81/2020 धारा 379,411 भादवि थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
2.मु0अ0सं0-85/2020 धारा 307 भादवि थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
3.मु0अ0सं0-86/2020 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
4.मु0अ0सं0-127/2020 धारा 379,411 भादवि थाना पड़री जनपद मीरजापुर।
5.मु0अ0सं0-131/2020 धारा 379,41,411,413,419,420 भादवि थाना हलिया जनपद मीरजापुर।
6.मु0अ0सं0-135/2020 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना हलिया जनपद मीरजापुर।
7.मु0अ0सं0-198/2020 धारा 3(1)उ0प्र0गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण)अधिनियम थाना हलिया जनपद मीरजापुर।
8.मु0अ0सं0-205/2020 धारा 224 भादवि थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

विजयपुर के पास से, दिनांकः21.09.2024 को समय 20.10 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक आनन्द शंकर सिंह चौकी प्रभारी गैपुरा थाना विन्ध्याचल मय पुलिस टीम।